# मिडिल ईस्ट से लोगों को निकालने के प्रयास



**भोपाल, 05 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अल्बानिया के तिराना शहर में आयोजित वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप रैंकिंग सीरीज़ में हिस्सा लेने गई मध्यप्रदेश की बेटी सुश्री प्रियांशी प्रजापत की सुरक्षित स्वदेशी वापसी के लिए उच्च स्तरीय प्रयास किए जिसके फलस्वरूप खिलाड़ी बेटी वापस भारत पहुंच गई है.**

## रेसलर प्रियांशी सुरक्षित पहुंची

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुश्री प्रियांशी को उत्कृष्ट प्रदर्शन, रजत पदक जीतने के लिए बधाई भी दी है. डॉ. यादव ने प्रियांशी के उज्जैन निवासी परिजन से भी आज वीडियो कॉल से चर्चा की. प्रियांशी के पिता प्रजापत ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया. गत 24 फरवरी से 28 फरवरी तक अल्बानिया में हुई वर्ल्ड रेसलिंग प्रतियोगिता में प्रियांशी ने 26 फरवरी को यह मुकाबला जीता था.

### प्रधानमंत्री ने निकाली समाधान की राह : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्य पूर्व क्षेत्र में युद्ध की स्थिति पर मध्यप्रदेश के नागरिकों की सहायता के लिए महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं की गई हैं. इसके लिए विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. राज्य शासन इस बारे में संवेदनशील है. गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन और नई दिल्ली में आवासीय आयुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश भवन की टीम तैनात है. सीएम हेल्पलाइन 181 नंबर पर परिजन से प्राप्त हो रही सूचनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है. सभी का पंजीयन और रिकॉर्ड भी रखा जा रहा है. भारत शासन के विदेश मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर नागरिकों को सुरक्षित वापस स्वदेश बुलवाने की व्यवस्था की गई है. सरकार अपनी तरफ से कोई कमी नहीं करेगी.

### दिल्ली, भोपाल में कंट्रोल रूम, फंसे लोग कर सकते हैं संपर्क


राज्य शासन ने मध्य-पूर्व देशों में युद्ध की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए खाड़ी देशों में रह रहे प्रदेश के निवासियों की सहायता के लिए मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में 24×7 कंट्रोल रूम की स्थापना की है. खाड़ी देशों में अध्ययन, नौकरी, व्यवसाय, पर्यटन, इत्यादि के लिए गये प्रदेश के निवासी वर्तमान परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के लिये कंट्रोल रूम में दूरभाष नम्बर, व्हाट्सऐप नम्बर, ई-मेल आई.डी. पर संपर्क कर सकते हैं. कंट्रोल रूम की सहायता से शासन द्वारा संबंधितों को केंद्र सरकार एवं संबंधित अन्य एजेंसियों से संपर्क करते हुए सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी. भोपाल के वल्लभ भवन (मंत्रालय) में भी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है.

# दो सफाई कर्मियों की मौत पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 05 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस ने इंदौर में सीवर की सफाई के दौरान दो सफाई कर्मियों की मौत पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे सुरक्षा मानकों की अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताया है.**

यह घटना 2 मार्च को शहर के चोइथराम अस्पताल गेट के पास एक सीवर चेंबर की सफाई के दौरान हुई, जिसमें सफाई कर्मचारी करण और अजय की मौत हो गई. इंदौर लगातार आठ बार देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित हो चुका है. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे ने इस



घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने वाले सफाई कर्मियों को अक्सर पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के बिना ही सीवर में उतरने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ती है. उन्होंने मृतक कर्मचारियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को स्थायी सरकारी नौकरी तथा घायल कर्मचारियों को मुफ्त इलाज के साथ 25-25 लाख रुपये की सहायता देने की मांग की.

## एक नजर में

### खड़ी स्कूल बस में आग, कोई जनहानि नहीं

बैतूल. बैतूल शहर में एक निजी स्कूल परिसर में खड़ी स्कूल बस में अचानक आग लग गई. कल देर रात काला पाठा क्षेत्र में हुए इस हादसे में देखते ही देखते बस धू-धू कर जलने लगी और कुछ ही देर में पूरी बस आग की चपेट में आकर खाक हो गई. घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. बताया जा रहा है कि बस स्कूल परिसर में खड़ी थी, तभी देर रात उसमें आग भड़क उठी. आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों और स्कूल के चौकीदार ने तत्काल नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को सूचना दी. सूचना मिलने पर दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया.

### नहाते समय दो युवकों की डूबने से मौत

नरसिंहपुर. मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में नर्मदा नदी में नहाते समय डूबने से दो युवकों की मौत हो गई. नरसिंहपुर पुलिस सूत्रों ने बताया कि नर्मदा नदी के बरमान घाट में कल शाम गहरे पानी में चले जाने से दो युवकों की डूबने से मौत हो गई है. दोनों को डूबने के बाद नाविकों ने बाहर निकाला. दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के सिंधी कालोनी में रहने वाले संभव हरियानी (24) और सौरभ चावला (25) शाम को नहाने के लिए बरमान घाट गए थे. तभी वहां ये हादसा हो गया.

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से विवाहिता की मृत्यु

**मुरैना.** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के अंबाह थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार गिर्राज शखबार कल देर शाम अपनी पत्नी पूनम शखबार को अंबाह में मेला दिखाकर मोटरसाइकिल से अपने गांव हमीरपुरा लौट रहे थे. पिनहाट मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास गिर्राज ने पेट्रोल भरवाने के लिए मोटरसाइकिल रोक दी. इस दौरान उनकी पत्नी सड़क किनारे खड़ी थी. उसी समय एक तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. परिजन उसे उपचार के लिए अंबाह के अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

# पर्याप्त मात्रा में है पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी

**भोपाल, 05 मार्च. प्रदेश में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है. यह जानकारी ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने अपर मुख्य सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरुण शमी द्वारा गुरुवार को मंत्रालय में की गयी पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान दी.**

वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा के निर्देश दिये थे. समीक्षा बैठक में ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने



बताया कि वर्तमान खपत को देखते हुए पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है. अपर मुख्य सचिव ने ऑयल कम्पनियों को जिलावार अपने फील्ड ऑफिसर तथा डिपो प्रभारी को संभागायुक्त एवं कलेक्टर से सम्पर्क करने तथा नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये.

अधिकारी ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी किसी भी स्थिति में न हो. डीलर स्तर पर प्रतिदिन स्टॉक की समीक्षा की जाए. बैठक में कमिश्नर खाद्य कर्मवीर शर्मा, एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा और ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# प्रदेश में तेज धूप के चलते गर्मी बढ़ी

## 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम मुख्यत: रहा शुष्क

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 05 मार्च. राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज धूप के चलते गुरूवार को लोगों को गर्मी का अहसास हुआ. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा.**



वहीं अधिकतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, जबलपुर, शहडोल संभागों के जिलों में सामान्य से 1.8° से. 2.7° से. तक अधिक रहा, ग्वालियर, चंबल, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 3.5° से. - 4.0° से. काफी अधिक रहा. न्यूनतम तापमान ग्वालियर संभाग के जिलों में 2.2° से. तक काफी बढ़े एवं शेष सभी संभागों के जिलों के तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ.

चंबल संभाग के जिलों में सामान्य से 1.9° से. अधिक रहा, ग्वालियर संभाग के जिलों में सामान्य से 3.4° से. तक काफी अधिक रहे एवं शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहा. उत्तर ओडिशा और संलग्न गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक एक ट्रफ, उत्तर प्रदेश के मध्य भागों से लेकर उत्तर ओडिशा और उससे सटे गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर सक्रिय चक्रवातीय परिसंचरण तक, पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ और दक्षिण झारखंड से होकर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर विस्तृत है.

# 'मामा' ने जन्मदिन पर शुरू की मामा कोचिंग

## लिए 5 बड़े संकल्प... हजारों लोग पेड़ लगाकर बने वृक्ष मित्र

**भोपाल, 05 मार्च. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को अपना जन्मदिवस प्रेम और सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया.**

राजधानी भोपाल के स्मार्ट सिटी पार्क में सुबह पूरे परिवार के साथ पौधरोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, तो वहीं अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा में जनसेवा के पाँच बड़े संकल्प लिए. उन्होंने अपने जन्मदिन पर फूल-माला, होर्डिंग्स-बैनर के स्थान पर उपहार नहीं, उपकार का मंत्र देते हुए सभी से कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया



था. आज हजारों शुभचिंतकों और कार्यकर्ताओं ने देश भर में पौधे लगाए और अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर उन्हें बधाई दी. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सभी केन्द्रीय मंत्रियों और भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं दीं.

### मामा कोचिंग क्लासेस...

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि युवाओं का भविष्य संवारना मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है. इसी उद्देश्य से मामा कोचिंग क्लासेस शुरू की जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिल सके. उन्होंने कहा कि, इस पहल की शुरुआत विदिशा, रायसेन और भैरूंदा से की जा रही है. यहां विद्यार्थियों को बैंकिंग, एसएससी, एमपीपीएससी, डीआरडीओ और फॉरेस्ट सर्विस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी.

# महाकाल की नगरी में राणोजी की छतरी पर होगी अगली कैबिनेट

- सिंहस्थ पर्यटन और विकास पर रहेगा फोकस
- कुंभ की नगरी में सरकार का मंथन
- मोक्षदायनी मां शिप्रा के किनारे बनेगी रणनीति

प्रमोद व्यास

**उज्जैन. मध्यप्रदेश की कैबिनेट की बैठक इस बार महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित होने जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में होने वाली यह कैबिनेट रामघाट स्थित राणोजी की छतरी पर होगी. प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत और आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों से जोड़कर इसे देख रही है.**

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट की बैठक 16 या 17 मार्च को आयोजित की जा सकती है, हालांकि अंतिम तिथि को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जारी हैं. सरकार का उद्देश्य इस कैबिनेट बैठक के माध्यम से उज्जैन को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में और अधिक मजबूती से स्थापित करना है. सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर में बड़े पैमाने पर विकास कार्य, सड़क चौड़ीकरण, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय इस बैठक में लिए जाने की संभावना है.

**30 करोड़ श्रद्धालु आएंगे**-मध्य प्रदेश सरकार का अनुमान है कि सिंहस्थ 2028 में लगभग 30 करोड़ श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे और इसके लिए करीब 30 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं पर काम किया जाना प्रस्तावित है. यही कारण है कि प्रत्येक एक बिंदु पर मध्य प्रदेश सरकार बेहतर कार्य करना चाहती है, इसीलिए महाकाल की नगरी में कबिनेट की जा रही है.

**अफसर तैयारी में जुटे** - कैबिनेट बैठक और मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं. संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन, नगर निगम और अन्य विभागों के अधिकारी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं.



### भोपाल से आई टीम...

इस बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर कैबिनेट बैठक को उज्जैन की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है. इसी कड़ी में बैठक के आयोजन के लिए शहर के ऐतिहासिक स्थलों का निरीक्षण किया गया है और प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की जा रही है. भोपाल से आई टीम ने उज्जैन पहुंचकर संभावित स्थल, बैठक व्यवस्था, अधिकारियों के बैठने की जगह, स्वल्पाहार और भोजन सहित पूरी व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया.

### पहले भी हो चुकी है बैठक

उज्जैन में इससे पहले भी राज्य कैबिनेट की बैठक हो चुकी है. पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोठी स्थित प्रशासनिक भवन में कैबिनेट बैठक आयोजित की थी. उस समय बैठक की अध्यक्षता प्रतीकात्मक रूप से भगवान महाकाल बाबा को समर्पित करते हुए उनकी तस्वीर अध्यक्ष की कुर्सी पर स्थापित की गई थी और पूरी व्यवस्था पारंपरिक राजदरबार की शैली में की गई थी.

### 8 मार्च को उज्जैन आएंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर भी उज्जैन आएंगे. इस दौरान वे पारंपरिक गैर में शामिल होंगे और धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे. उज्जैन में रंगपंचमी का उत्सव विशेष महत्व रखता है और इस दिन भगवान महाकाल की गैर भी निकलती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक शामिल होते हैं. पारंपरिक गैर का मार्ग भी बदला जा सकता है और उत्तर की बजाए यह गैर दक्षिण में निकाली जा सकती है ऐसी तैयारी की जा रही है.

# हाईकोर्ट में पेश हुई प्रारंभिक रिपोर्ट

## भागीरथपुरा मामला नगर निगम को 10 दिन में रिकॉर्ड देने के निर्देश

### 06 अप्रैल को अगली सुनवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 05 मार्च. भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट पेश की.**

अदालत ने आयोग को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक माह का समय दिया है. मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल को निर्धारित की गई है. सुनवाई के दौरान आयोग की ओर से प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिस पर विस्तृत बहस के लिए कोर्ट ने 6 अप्रैल की तारीख तय की है. न्यायालय ने आयोग को एक कर्मचारी नियुक्त करने के भी निर्देश दिए हैं, जो भागीरथपुरा क्षेत्र के रहवासियों से संबंधित शिकायतें, आवेदन, साक्ष्य और अन्य दस्तावेज एकत्र कर आयोग के साथ समन्वय स्थापित करेगा. मामले में नगर निगम से भी कई महत्वपूर्ण रिकॉर्ड मांगे गए थे, लेकिन निगम द्वारा अब तक यह दस्तावेज आयोग को उपलब्ध नहीं कराए हैं.

### आवश्यक रिकॉर्ड जांच आयोग को कराए उपलब्ध

इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए नगर निगम को निर्देश दिए कि वह 10 दिनों के भीतर प्राथमिकता के आधार पर सभी आवश्यक रिकॉर्ड जांच आयोग को उपलब्ध कराए. मामले में रहवासियों की शिकायतें और साक्ष्य आयोग तक समन्वय के माध्यम से पहुंचाए जाएंगे. दरअसल, भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से मौतों और बीमारियों के मामले को लेकर हाईकोर्ट में विभिन्न जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं. पिछली सुनवाई में कोर्ट ने शासन और नगर निगम की रिपोर्ट पर सख्त टिप्पणी करते हुए उसे आई-वॉश करार दिया था. कोर्ट का कहना था कि मामला गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति से जुड़ा है और स्वच्छ पेयजल का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा है.

### हर्षोल्लास और सामाजिक समरसता का पर्व है होली

**भोपाल**, 05 मार्च. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रंगों के पावन पर्व होली के शुभ अवसर पर बैतूल स्थित विजय सेवा न्यास में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों से आत्मीय भेंट कर सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर उन्होंने उपस्थितजनों के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद किया और पर्व की सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली हर्षोल्लास, उत्साह और सामाजिक समरसता के प्रतीक का पर्व है. यह त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश देता है. रंगों का यह पावन उत्सव मन के वैमनस्य को समाप्त कर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है. उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और पारस्परिक विश्वास को सुदृढ़ करने का माध्यम भी है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को प्रदेशवासियों एवं कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जिसका सनातन परंपरा में विशेष महत्व है.

## विरोधाभास कृषि से जुड़े विभागों में बड़ी संख्या में रिक्त पदों का मुद्दा उठाया

# पटवारी ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 05 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य की कृषि व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति तथा कृषि से जुड़े विभागों में बड़ी संख्या में रिक्त पदों का मुद्दा उठाया है. उन्होंने इसे राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित करने के साथ गंभीर विरोधाभास बताया है.**

अपने पत्र में पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश को अक्सर कृषि प्रधान राज्य कहा जाता है, लेकिन वर्तमान में यह क्षेत्र



प्रशासनिक उपेक्षा के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहा है. उन्होंने बताया कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार कृषि विभाग में स्वीकृत 14,537 पदों में से 8,468 पद रिक्त हैं, जो कुल पदों का लगभग 60 प्रतिशत है. उन्होंने कहा कि मत्स्य, उद्यानिकी, पशुपालन और दुग्ध विभागों सहित कई सहयोगी विभाग भी कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहे हैं.

सहकारिता तथा खाद्य प्रशासन की व्यवस्थाओं में भी पर्याप्त स्टाफ नहीं है. पटवारी ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे इस स्थिति की समीक्षा कर राज्य सरकार को शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने और कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संस्थागत क्षमता मजबूत करने के निर्देश दें.


SBFC

एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नंबर 103, सी एंड बी स्क्वायर, संगम कॉम्प्लेक्स, अंधेरी कुर्ला रोड, चकला, अंधेरी पूर्व, मुंबई-400059

टेलीफोन: +91 22 67875300 | www.sbfc.com | CIN: L67190MH2008PLC178270

धामनोद शाखा नए पते पर स्थानांतरित

प्रिय ग्राहकों,

यह आपको सूचित करने के लिए है कि हम अपनी धामनोद शाखा को **10.06.2026** से निम्न विवरणानुसार स्थानांतरित कर रहे हैं।

| वर्तमान शाखा का पता | नई शाखा का पता |
|---|---|
| **एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड,** प्रथम तल, सर्वे क्रमांक 483/1, ए.बी. रोड, भंडारी पेट्रोल पंप के सामने, धामनोद, मध्य प्रदेश – 454552 | **एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड,** महेश्वर फाटा, प्रथम तल, वार्ड नं. 3, धामनोद, मध्य प्रदेश – 454553 |

अतः ग्राहकों से अनुरोध है कि वे **10.06.2026** से अपने लेन-देन / अनुरोध हेतु नई शाखा पर पधारें। किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए, कृपया हमारी नई शाखा से संपर्क करने में संकोच न करें।

कृते एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड



NASHIK MUNICIPAL CORPORATION, NASHIK

E-Tender Cell Department

Notice No. 67 (Year 2025-26)

E-Tender Notice Regarding the **PWD Department 1 work** of Nashik Municipal Corporation Nashik. vide E-Tender Notice No.67 (Year 2025-26) invites bids for which will be displayed on the website www.mahatenders.gov.in. from Dt.04/03/2026 to Dt.02/04/2026 up to 17.30 pm Last date for acceptance of tender will be Dt.02/04/2026.

**Note -** All further necessary notices/clarifications will be published on the online website.

जनसंपर्क/जा.क्र/४७८/२०२६
दि.४/३/२०२६

Sd/-
Executive Engineer
E-Tender Cell
Nashik Municipal Corporation

गोदा प्रदुषण टाळा, भविष्य संभाळा.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**